राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
E-mail: rcse.ict@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कूल शि.प. / जय / ICT / 2020 / 16009 दिनांकः 19 / 10 / 2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन
जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय : कक्षा 1-10 दस विद्‌यार्थियो के लिए व्हाट्सएप आधारित क्विज एवं SMILE कार्यक्रम के संबंध में निर्देश ।

उपर्युक्त संदर्भानुसार विषय में लेख है कि **कोविड-19 की परिस्थितियों के कारण** सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को नए परिपेक्ष में लागू करते हुए 'आओ घर में सीखें' कार्यक्रम संचालित किया गया है | इस कार्यक्रम के अंतर्गत 'व्हाट्सएप आधारित क्विज' कॉन्वेजीनियस संस्था (CG) के सहयोग से स्थापित की गयी है | इस तकनीक द्‌वारा कक्षा 1-10 के विद्‌यार्थी पढ़ी हुई दक्षताओं से संबन्धित प्रश्नोत्तरी व्हाट्सएप पर ही प्राप्त करते है। यह क्विज कक्षा 1 से 5 में हिन्दी, गणित और अंग्रेज़ी, कक्षा 6 से 10 में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के लिए साप्ताहिक है । क्विज की जानकारी हर शनिवार को व्हाट्सएप पर भेजी जाती है, जिसे बच्चों द्‌वारा पूरे सप्ताह में अपनी सुविधानुसार इसे हल किया जा सकता है।

अतः सभी शिक्षक को निर्देशित करे कि जिन विद्‌यार्थियों के पास स्मार्ट फ़ोन की सुविधा हो, वे क्विज कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करें।
राज्य स्तर से जिलेवार व्हाट्सएप नंबर साझा किए जा रहें है जो निम्नानुसार हैं –

क्र	जिले	व्हाट्सएप नंबर
1	अजमेर, बारां, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, करौली, सीकर, टोंक	8595524491
2	बांसवाड़ा, भरतपुर, धौलपुर, जयपुर, जालोर, झालावाड़, जोधपुर, पाली, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, सिरोही	8595524493
3	अलवर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चुरू, दौसा, जैसलमेर, झुंझुनू, कोटा, नागौर, राजसमंद, उदयपुर	8595524498

अपने जिले के सामने अंकित व्हाट्सएप नंबर को शिक्षकों द्‌वारा अपने मोबाइल में 'व्हाट्सएप क्विज' के नाम से सेव किया जाए एवं बच्चों को भी 'व्हाट्सएप क्विज' के नाम से सेव करने हेतु निर्देशित किया जाए। क्विज शुरू करने के लिए बच्चों को अपने जिले के नंबर पर मैसेज करना होगा | व्हाट्सएप क्विज की जानकारी पूर्व की तरह संबन्धित जिले के ग्रुप पर शेयर की जाएगी जिसे संबन्धित अधिकारियों द्‌वारा शिक्षकों को शेयर किया जाएगा । शिक्षक यह जानकारी छात्रों या उनके माता–पिता को शेयर करेंगे।

www.rajteachers.com

व्हाट्सएप आधारित क्विज में शिक्षकों की ज़िम्मेदारी निम्नानुसार है –

- अपने जिले के लिए जारी किये गए व्हाट्सएप नंबर को 'WhatsApp Quiz' नाम से सेव करें । अपने विद्यार्थियों को भी ये नंबर सेव करवाएं |
- हर शनिवार को व्हाट्सएप क्विज के दिशा-निर्देश प्राप्त करें। सभी दिशा-निर्देश को समझें और अपने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से साझा करें । निर्देश का पालन करने में विद्यार्थियों को कोई परेशानी आये तो उनकी सहायता करें ।
- विद्यार्थियों को बताएं की उनका साप्ताहिक क्विज उनके जिले के लिए जारी किये गए WhatsApp नंबर पर मैसेज करके शुरू होगा |
- क्विज में पंजीकरण (Registration) करने के लिए विद्यार्थियों से स्कूल कोड (NIC कोड) पूछा जाएगा | कृपया अपने स्कूल का NIC कोडअपने विद्यार्थियों से अवश्य साझा करें |
- क्विज में सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें । क्विज में पूछे जाने वाले प्रश्नों को केवल विद्यार्थी ही हल करेंगे, शिक्षक नहीं |
- शिक्षकों से अपेक्षा है की वह प्रतिदिन 5 विद्यार्थियोंको फ़ोन करे, उन्हें क्विज में भाग लेने के लिए बोले, उनके साथ पढाई का रोडमैप बनायें और उनकी शंकाओं का समाधान करें। फोन करने के बाद विद्यार्थी की डिटेल गूगल फॉर्म में भरें: https://bit.ly/35nQ1hi . अगर दिया गया फॉर्म नहीं चल रहा तो यह वाला फॉर्म भरें:https://bit.ly/3mccnbq

www.rajteachers.com

19.10.20

(एम.आर. बागडिया)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रा.स्कूल शि.प./जय/ICT/2020/16009 दिनांकः 19 /10 /2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त–तृतीय